संक्षिप्त

लोकार्पण समारोह 16 को

मनोहरपूर । समर्पण, सेवा और जनकल्याण की भावना को साकार करते हुए भामाशाह प्रेरक बाबूलाल जी चूडला की प्रेरणा से बनाका परिवार द्वारा लगभग 4 लाख की लागत से मेडिकल स्टोरेज चौक का जीर्णोद्धार एवं टीन शेड का निर्माण किया गया है। साथ ही, भामाशाह अक्कू कुमार जी पारीक एवं नीतीश जी जोशी के संयुक्त सहयोग से लगभग 2 लाख की लागत से शवगृह (मोर्चरी) का जीर्णोद्धार किया गया एवं एक डीप फ्रीज़र अस्पताल को भेंट स्वरूप प्रदान किया गया है। इन जनसेवा से प्रेरित कार्यों का लोकार्पण माननीय सांसद श्री राव राजेन्द्र सिंह जी के कर-कमलों द्वारा सोमवार 16 जून 2025 को सायं 4:00 बजे उप जिला अस्पताल, शाहपुरा परिसर में सम्पन्न होगा।

कार्यशाला का आयोजन

टोंक। भाजपा के संकल्प से सिद्धि तक कार्यक्रम के तहत मेहन्दवास भाजपा मंडल की कार्यशाला का आयोजन छान ग्राम में स्थित रविंद्र बाल विद्या निकेतन में आयोजित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य वक्ता रतिराम पहाड़िया व अन्य अतिथियों ने मोदी सरकार के गौरवमय 11 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर इन 11 वर्षों में केंद्र की मोदी सरकार द्वारा चलाई गई अनेक योजनाओं पर प्रकाश डाला गया। कार्यशाला में मुख्य अतिथि व मुख्य वक्ता मेहन्दवास मंडल प्रभारी रतिराम पहाड़िया, विशिष्ट अतिथि सह प्रभारी राजेंद्र सैनी, सहकारी समिति सोनवा अध्यक्ष उमराव सिंह, सोलंकी मंडल संयोजक नंदलाल जाट, आसाराम चौधरी सहित सैकड़ो पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

दो छात्रों का नीट में चयन

निवाई। स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल निवाई के दो छात्रों का मेडिकल कॉलेज में प्रवेश के लिए नीट में चयन हुआ है। प्रधानाचार्य कुंभाराम चौधरी ने बताया कि स्थानीय विद्यालय के दो छात्र आलोक जाट और अंकित अजमेरा का नीट में चयन हुआ है। उन्होंने बताया कि आलोक जाट की ऑल ओवर इंडिया रैंक 19919, कैटिगरी रैंक 8903 है तथा अंकित अजमेरा की ऑल ओवर इंडिया रैंक 42362 एवं कैटिगरी रैंक 20040 है। यह उपलब्धि इन छात्रों ने स्थानीय विद्यालय में चलाई जा रही निःशुल्क कोचिंग क्लासेस के आधार पर प्राप्त की है। साथ ही स्थानीय विद्यालय से पिछले तीन-चार साल से प्रतिवर्ष चार-पांच विद्यार्थियों का नीट और जेईई एडवांस्ड में चयन होता आया है। स्थानीय विद्यालय के 6 विद्यार्थी पहले से ही राजस्थान की गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस की डिग्री कर रहे हैं। यह टोंक जिले के साथ पूरे राजस्थान के लिए गौरव की बात है। राजस्थान का एकमात्र मॉडल स्कूल जहां से एमबीबीएस और आईआईटी में चयन होता आया है। प्रधानाचार्य ने समस्त विद्यालय परिवार की ओर से चयन होने वाले सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की एवं विद्यालय के समस्त स्टाफ को बधाई दी।

जैन मुनि का निवाई में मंगल प्रवेश

निवाई। सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वावधान में जैन मुनि आदित्य सागर महाराज संघ रविवार को नेशनल हाईवे बरोनी बजरी टोल नाका पर मंगल प्रवेश हुआ। जैन धर्म प्रचारक विमल जौंला एवं सुनील भाणजा ने बताया कि मुनि आदित्यसागर महाराज संघ टोंक सोहेला मोठूका होते हुए रविवार को बरोनी टोल नाका पहुंचे जहां समाज के श्रद्धालुओं द्वारा मुनिश्री की अगुवानी की। उन्होंने बताया कि सोमवार को जैन मुनि आदित्यसागर महाराज का निवाई में गाजे बाजे के साथ मंगल प्रवेश होगा। उन्होंने बताया कि मंगल प्रवेश का जुलूस पहाडी चुंगीनाका से रवाना होकर अहिंसा सर्किल होते हुए श्री शान्तिनाथ दिगम्बर जैन अठावाल मंदिर पहुंचेगा। जहां पर मंदिर कमेटी द्वारा पाद प्रक्षालन करके आगवानी की जाएगी।

नम्बर मिलाइए
9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

ठेकेदार की शिकायत मिलने के बाद सड़क निर्माण की जांच

चौमू / कालाडेरा । राज्य सरकार द्वारा बजट घोषणा में दस हजार से अधिक आबादी वाले गांव में अटल पथ सड़क का बनाने की घोषणा की थी जिस के बाद कालाडेरा में बिजली ग्रड मंडी, छिपा मोहल्ला, पटवा मोहल्ला, पंचमुखी हनुमान मंदिर,मुख्य बाजार होते हुए बस स्टैंड से प्रागपुरा तक अटल पथ सड़क का निर्माण कार्य प्रारंभ हुआ।

अटल पथ सीसी सड़क की लम्बाई लगभग 3 किलोमीटर है जिसकी वित्तीय स्वीकृति 4.5 करोड रुपए राज्य सरकार द्वारा दी गई कालाडेरा कस्बे में बन रहें अटल पथ

■ अटल पथ का निरीक्षण करने अधिकारी पहुंचे


कालाडेरा में अटल पथ पर सड़क निर्माण की शिकायत के बाद अधिकारियों ने जांच की।

सड़क को ठेकेदार ने पहले से बनी सड़क को बिना उखाड़ ही सड़क निर्माण प्रारंभ कर दिया जिसके बाद ग्रामीणों द्वारा सार्वजनिक निर्माण विभाग के उच्च अधिकारीयो को शिकायत की गई जिसके बाद विभाग हरकत में आया। और सार्वजनिक निर्माण विभाग के अतिरिक्त मुख्य अभियंता आर के सिंह सड़क का निरीक्षण करने कालाडेरा पहुंचे। आर के सिंह ने बिजली ठोड से सड़क का निरीक्षण करते हुए मढी, छिपा मोहल्ला,पटवा मोहल्ला पंचमुखी मंदिर आदि तक निरीक्षण किया सिंह ने सडक निर्माण को देखकर नाराजगी जताई और सहायता अभियंता को निर्देश दिया कि सड़क का निर्माण नियमानुसार ही किया जाना चाहिए पुरानी सड़क को उखाड़ कर गुणवत्तापुर्ण सड़क लेवल देखकर निर्माण किया जाना चाहिए लोगों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं आना चाहिए। गौरतलब है कि जब अटल पथ स्वीकृत हुआ था तब ठामीणों को लगा कि कालाडेरा कस्बे की मुख्य मार्गों की दसा सुधरेंगी। लेकिन जिस प्रकार से सड़क निर्माण का कार्य किया जा रहा है उससे आम जनता के साथ साथ राहगीर भी परेशान हो रहे है। साथ ही सड़क बनाने के जो सरकार के नियम है उनका ठेकेदार के लोग पालन नहीं कर रहें है। सार्वजनिक निर्माण विभाग के अतिरिक्त मुख्य अभियंता आर के सिंह ने बताया कि कालाडेरा में अटल पथ सड़क को बनाने के दौरान अनियमितताओं की शिकायत ठामीणों ने कि थी जिसके बाद मौके पर पहुंचकर अटल पथ सड़क का निरिक्षण किया और एक्स सी एन, सहायक अभियंता और कॉन्टैक्टर को निदेशित किया है की सड़क का लेवल और गुणवत्ता का पुरा ध्यान रखते हुए सड़क बनायें साथ ही पानी की निकासी का ध्यान रखने को बोला है।

आर्थिक उत्थान के लिए शिविर 16 से

टोंक । धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत जनजाति वर्ग के सामाजिक, आर्थिक उत्थान एवं जनचेतना के लिए 16 से 30 जून तक शिविरों का आयोजन किया जाएगा। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी परशुराम धानका ने बताया कि जिले में चयनित 6 ब्लॉक टोंक, निवाई, देवली, पीपलू, उनियारा एवं टोडारायसिंह के 135 गांवों की 37 ग्राम पंचायत मुख्यालय पर शिविर आयोजित होंगे। इनमें 18 विभागों की 25 गतिविधियों का क्रियान्वयन किया जाएगा। धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत अगले 5 वर्षों में निर्धारित लक्ष्य प्राप्त किये जाएंगे, इसमें सक्षम बुनियादी ढांचे के विकास में पात्र परिवारों के लिए पक्के मकान जिनमें पानी, बिजली की आपूर्ति एवं पात्र परिवारों को आयुष्मान कार्ड से लाभान्वित किया जाएगा। ग्रामीण बुनियादी ढांचे के विकास में जनजातीय बाहुल्य गांवों में सडक संपर्क, इंटरनेट की पहुंच, स्वास्थ्य, पोषण और शिक्षा सुधार के साथ बुनियादी ढांचे का विकास शामिल है । सीईओ ने बताया कि स्किल इंडिया मिशन और जेएसएस स्कीम में कौशल विकास, उद्यमिता संर्वधन एवं आजीविका अवसरों को बढ़ावा देकर (स्वरोजगार) आर्थिक सशक्तिकरण को मजबूत किया जाएगा। साथ ही, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंच का दायरा बढ़ाने के लिए जनजाति छात्रावासों की स्थापना की जाएगी।

पानी को लेकर महिलाओं का गुस्सा फूटा

शाहपुरा । शाहपुरा क्षेत्र के नाथावाला में विगत कई दिनों से पेयजल समस्या से जूझ रही महिलाओं का आखिरकार रविवार को गुस्सा फूट पड़ा। गुस्साएं महिलाओं व लोगों ने सुबह 7:30 बजे से 9:30 बजे तक 2 घंटे शाहपुरा नीमकाथाना सड़क मार्ग को जाम कर दिया। महिलाओं ने खाली मटकी फोड़ कर अपना गुस्सा जाहिर किया।

सूचना मिलते ही शाहपुरा पुलिस थाने से सब इंस्पेक्टर हरदयाल मीणा मय टीम व जलदाय विभाग विराटनगर के जेईएन तुषार गर्ग मौके पर पहुंचकर लोगों से समझाईश की। जल्दी समस्या का आश्वासन देकर मामला शांत करवाया। जलदाय विभाग द्वारा मौके पर तीन टैंकर भी आए गए। तब जाकर लोगों का गुस्सा शांत हुआ। लोगों व महिलाओं ने बताया कि उनके गांव में पांच बोरिंग है। जिनमें से एक बोरिंग तो कई दिनों से खराब पड़ा हुआ है। वही एक बोरिंग की मोटर खराब पड़ी हुई है जिन्हें अजीतगढ सही करने के लिए भेजा हुआ है। बाकी तीन बोरिंगों में जलस्तर काफी कम होने से पेयजल की व्यवस्था गड़बड़ाई हुई है। इसके अलावा कई अवैध कनेक्शन मुख्य पाइप लाइन में है। जिससे कई घरों में पानी पहुंच जाता है वहीं कई घरो में पानी नहीं पहुंच पाता है। कुछ लोगो ने तो अवैध कनेक्शन से सब्जी तक उगा रखी है गांव के लिए जलदाय विभाग की ओर से 10 टैंकर संचालित है। जिससे पूर्ति नहीं हो पाती है। लोगों ने आरोप लगाया कि टैंकरों सावजनिक स्थानों पर नहीं खड़ा किया जाता है। जिससे जल सप्लाई सुचारू नहीं हो पाती है। समाजसेवी रामफूल पोसवाल, पूर्व उपसरपंच गजानंद सैनी, राजू सैनी, छाजूलाल सैनी राहुल, गिरिराज,रामचंद्र आदि ने बताया कि जब से ग्राम पंचायत को नगर परिषद के अधीन किया गया है तब से खराब बोरिंग की मरम्मत नहीं हो पा रही है। ग्रामीण अपने स्तर पर ही राशि एकत्रित कर बोरिंग की मरम्मत करवा रहे हैं। विकास अधिकारी को कुछ समस्या से अवगत कराते हैं तो वह कहते हैं नगर परिषद में जाओ अब आपके ठाम पंचायत हमारे अधिकार क्षेत्र में नहीं आती है। यहां तक की ठाम पंचायत का तो खाता भी लाक हो गया है। और जब नगर परिषद में आयुक्त के पास जाते हैं तो उनके द्वारा जवाब मिलता है कि उनके पास अभी स्पष्ट आदेश नहीं आए हैं। पूर्व उपसरपंच ने बताया कि गांव के मुख्य स्टेंड पर स्थित टंकी पर पानी की विकट समस्या के चलते महिलाएं रात को दो-दो बजे तक भी पानी भरती है। जिस पर जनता विभाग के जेईएन ने बताया कि सोमवार सुबह जलदाय विभाग की टीम आएगी जिसके द्वारा अवैध कनेक्शन की पहचान कर उनका संबंध जल विच्छेद किया जाएगा। और टैंकरों की संख्या को और बढ़ाया जाएगा। उन्होंने अवगत कराया कि जल्द ही गांव में पेयजल की बड़ी स्कीम आएगी। इसके बाद पेयजल की समस्या काफी हद तक दूर हो जाएगी।

निवाई में जागरूकता दिवस मनाया

निवाई। वरिष्ठ नागरिकों के प्रति संवेदनशीलता, सम्मान एवं उनके अधिकारों की रक्षा के उद्देश्य से राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा), नई दिल्ली एवं राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (रालसा), जयपुर के निर्देशों की अनुपालना में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, टोंक द्वारा वरिष्ठ नागरिक दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस के उपलक्ष्य में निवाई स्थित परमार्थ सेवा संस्थान वृद्धाश्रम में एक विशेष विधिक जागरूकता कार्यक्रम एवं निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर प्राधिकरण के सचिव दिनेश कुमार जलुथरिया ने वृद्धजनों से संवाद कर नालसा वरिष्ठ नागरिक योजना 2016 हेल्पलाइन नंबर 15100, एवं "भरण-पोषण एवं कल्याण अधिनियम, 2007" की जानकारी साझा की। जिसमें वृद्धजनों को मिलने वाली विधिक सहायता, देखरेख और भरण-पोषण के अधिकार तथा उनके विरुद्ध हो रहे किसी भी प्रकार के दुर्व्यवहार के विरुद्ध उपलब्ध उपायों पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने वृद्धाश्रम में रह रहे वरिष्ठ नागरिकों की व्यक्तिगत समस्याओं को भी सुना और उनके समाधान हेतु संबंधित विभागों से समन्वय का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के तहत राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के चिकित्सा दल डॉ. लवेष कटेवा, नर्सिंग अधिकारी राजेश सिंह, रामजीलाल एल. टी. एवं फार्मासिस्ट आराधना सैनी द्वारा निःशुल्क नेत्र जांच, ब्लड प्रेशर, मधुमेह सहित कई प्रकार की जांच की गई। इस दौरान आवश्यकतानुसार दवाओं का वितरण किया गया। यह पहल वरिष्ठ नागरिकों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध हुई। उन्होंने यह भी बताया कि वरिष्ठ नागरिकों की देखभाल अब केवल सामाजिक जिम्मेदारी नहीं बल्कि कानूनी दायित्व भी है। कार्यक्रम में वृद्धजनों ने प्राधिकरण द्वारा प्रदत्त सेवाओं की सराहना की और भावुक होकर अपने अनुभव साझा किए।

पावटा में भगवान सिंह रोलसाहबसर को याद किया

पावटा। राजपूत सभा भवन पावटा में सताईसा राजपूत भवन द्वारा श्री क्षत्रिय युवक संघ के संरक्षक पूज्य भगवान सिंह रोलसाहबसर की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। कार्यक्रम में सभा के संरक्षण हरि सिंह जी खेलना द्वारा पूज्य भगवान सिंह रोलसाहबसर की तस्वीर के आगे दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण करते हुए श्रद्धांजलि सभा का आयोजन का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम में सभा के संरक्षण हरि सिंह जी खेलना सहित गणमान्य लोगों ने श्रद्धांजलि दी।

कार्यक्रम में सताईसा राजपूत सभा भवन के अध्यक्ष दशरथ सिंह शेखावत, महामंत्री जगदीश सिंह कारोली, पूर्व अध्यक्ष कल्याण सिंह, भगवान सिंह प्रागपुरा एवं अन्य सहयोगी गण मौजूद रहे। इस दौरान कोटपुतली के पूर्व जिला सदस्य धूड सिंह भौनावास व नरपत सिंह पावटा, दीप सिंह बड़नगर सहित वक्ताओं ने पूज्य तन सिंह जी के विचारों और जीवन मूल्यों पर चर्चा की। वक्ताओं ने कहा कि क्षित्रय समाज को अपने पूर्वजों की तरह सबको साथ लेकर चलना चाहिए। इस अवसर पर करतार सिंह तुलसीपुरा, बंटी सिंह भौनावास, नरपत सिंह राजनोता, महावीर सिंह जोधपुरा, ओम सिंह पाथरेड़ी, सवाई सिंह खेलना, राजवीर सिंह राजनोता, नंद सिंह, कंवर पाल सिंह भौनावास, विनोद सिंह ोलना ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए।

'अनुशासन ही राष्ट्र का प्राण है'

निवाई। विद्या भारती शिक्षा संस्थान के तत्वावधान में आयोजित नवीन आचार्य अभ्यास वर्ग में रविवार को उद्घाटन सत्र में बोलते हुए प्रांत निरीक्षक व अटल प्रभारी अरुण कुमार दुबे ने कहा कि शिक्षक का काम बालक में निहित शक्तियों को बाहर निकलना है। उन्होंने कहा कि पहले शिक्षा का अर्थ पढ़ाना होता था। लेकिन अब शिक्षा का अर्थ अधिगम है। इसका अर्थ यह हुआ कि अपने ज्ञान को पुष्ट करना एवं उसे दूसरों तक पहुंचाना है। यही स्वाध्याय भी है। उन्होंने कहा कि ज्ञान का प्रसार करने से ज्ञान और अधिक पुष्ट होता है। इस अवसर पर प्रदेश पर्यावरण प्रमुख राम प्रकाश विजय ने कहा कि अनुशासन ही राष्ट्र का प्राण है इसलिए राष्ट्र को आगे बढ़ाने के लिए अनुशासन आवश्यक है। इसी उद्देश्य को पूरा करने के लिए विद्या भारती की स्थापना हुई और विद्यालय का संचालन कर अनुशासित नागरिक तैयार किए जा रहे हैं। उद्घाटन सत्र में प्रांत निरीक्षक अरुण कुमार दुबे प्रांत पर्यावरण प्रमुख राम प्रकाश विजय प्रांत सचिव लक्ष्मण सिंह राठौड़ आदि मौजूद थे।

बजरी से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली को बलपूर्वक ले जाने का आरोप

पावटा। राजकीय कर्मचारियों के साथ धक्का मुक्की करने, हाथ पैर तोड़ने की धमकी देने, अभद्र भाषा का प्रयोग करने, राजकार्य में बाधा डालने, राज का राजकीय संपदा बजरी का अवैध खनन कर चोरी कर ले जाने, वन संपदा को नुकसान पहुंचाने व सरकारी कब्जे में लिए हुए ट्रैक्टर ट्राली को बलपूर्वक छुड़ा कर ले जाने का मामला सामने आया है। इस संबंध में प्रागपुरा थाने में प्रभारी वन नाका बुचारा शेर सिंह बाकोलिया द्वारा मामला दर्ज करवाया गया है।

■ राजकीय कर्मचारियों से अभद्रता व राजकार्य में बाधा डालने, वन संपदा को नुकसान पहुंचाने का मामला दर्ज

प्रभारी वन नाका बुचारा शेर सिंह बाकोलिया ने बताया कि क्षेत्रीय वन अधिकारी रेंज कोटपूतली द्वारा वृक्षारोपण साइट भूरी भडाज में अवैध बजरी खनन कर परिवहन करने की दुरभाष के जरिए सूचना मिलने पर मेरे द्वारा वनरक्षक बीट प्रभारी दांतिल दिनेश गुर्जर को सूचना देकर वृक्षारोपण साइट भूरी भड़ाज पर मिलने की कहने के बाद स्वयं मोटर साइकिल से वृक्षारोपण साइट भूरी भडाज के लिए रवाना हो गया। वहां पहुंचने पर वनरक्षक बीट प्रभारी दांतिल दिनेश गुर्जर को साथ लेकर मौके के लिए रवाना हुए। कुछ दूर जाने पर भूरी भडाज गौ शाला के पास सामने से एक मैसी ट्रैक्टर मय टोली जिसके बम्फर पर एमसी बरोला लिखा आता दिखाई दिया। जहां ट्रैक्टर चालक को रोककर पूछने पर चालक ने भूरी भडाज नर्सरी से बजरी भरकर लाना बताया।

उसके बाद चालक का ओ पो कंपनी का मोबाइल कब्जे में लेकर क्षेत्रीय वन अधिकारी कोटपुतली को सूचना दी। क्षेत्रीय वन अधिकारी कोटपुतली ने दांतिल वन चौकी पर खडा करने के निर्देश दिए। उनके निर्देशों की पालना में वनरक्षक बीट प्रभारी दांतिल दिनेश गुर्जर को ट्रैक्टर ट्रॉली लेकर रवाना किया व ट्रैक्टर चालक को मोटर साइकिल पर लेकर मौके से रवाना हुआ। थोडी दूर चलने पर मोटर साइकिल पर पीछे बैठे ट्रैक्टर चालक ने धक्का देकर मुझे बाइक सहित गिरा दिया व भाग गया।

वही वनरक्षक बीट प्रभारी दांतिल दिनेश गुर्जर को ट्रैक्टर ट्रॉली को लेकर दांतिल वन चौकी पर ले जाने की कही। वही दांतिल चौकी से एक किलोमीटर पहले भक्ति के तिबारा के पास एक सफेद रंग की बोलेरा व पांच मोटर साइकिल जिन पर दो से तीन व्यक्ति बैठे थे ट्रैक्टर के आगे लगाकर रोक दिया व उसी समय बोलेरा गाड़ी से चार पांच व्यक्ति उतरे व अभद्रता करने लगे।

एक मोटर साइकिल सवार ट्रैक्टर के पास गया व वनरक्षक बीट प्रभारी दांतिल दिनेश गुर्जर से धक्का मुक्की कर उसे ट्रैक्टर से उतार दिया एवं धमकी देने लगे। मैने बीच बचाव किया तो मुझसे भी धक्का मुक्की करने लगे। बजरी से भरे ट्रैक्टर को रोड पर खाली कर उसे ले गए। जाते जाते आगे ट्रैक्टर को पकड़ने व पीछा करने पर अंजाम भुगतने की धमकी देने लगे व बोलेरा व मोटर साइकिल पर सवार होकर फरार हो गए।

जिस पर प्रागपुरा थाने में राजकीय कर्मचारियों से अभद्रता व राजकार्य में बाधा डालने, राजकीय संपदा बजरी का अवैध खनन कर चोरी करने, वन संपदा को नुकसान पहुंचाने, बजरी से भरे ट्रैक्टर ट्रॉली को बलपूर्वक छुड़ा ले जाने का मामला दर्ज करवाया गया है ।

स्टेनोग्राफी एक ऐसा क्षेत्र है, जिसमें अनुशासन, ध्यान जरुरी : जिला उपभोक्ता मजिस्ट्रेट

कोटपुतली । कस्बे के लाल कोठी स्थित न्यू स्टेनो इंडिया स्टेनोग्राफर इंस्टिट्यूट की ओर से लोकसभा, विधानसभा ,हाई कोर्ट तथा अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड में चयनित प्रतिभाओं के भव्य प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए जिला उपभोक्ता मजिस्ट्रेट जयपुर प्रथम सुबेसिंह यादव ने कहा कि आज के बदलते समय में युवाओं को तकनीकी दक्षता और भाषा पर अधिकार दोनों जरूरी हैं। उन्होंने छात्रों को मार्गदर्शीत करते हुए कहा कि स्टेनों कि पढाई के दौरान अनुशासन, ध्यान और निरंतर अभ्यास की आवश्यकता होती है।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता पं. रमाकांत शर्मा, वरिष्ठ अधिवक्ता राजस्थान हाई कोर्ट, जयपुर थे। कार्यक्रम कि अध्यक्षता संस्था के निदेशक वरिष्ठ अधिवक्ता के के शर्मा ने की इसके पश्चात संस्था के संस्थापक अनिल कुमार शर्मा द्वारा संस्था की गतिविधियों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया । कार्यक्रम को विशिष्ट अतिथि सरपंच संजय यादव, एडवोकेट विकास जांगल,संस्था के वरिष्ठ संरक्षक मास्टर जुमरद्दीन शाह, वरिष्ठ स्टेनोठाफर मोहम्मद राशिद खान, राजेंद्र प्रसाद यादव सहीत बड़ी संख्या में वक्ताओं ने संबोधित किया ।

संस्था द्वारा राहुल यादव पुत्र अमीपाल यादव,संसदीय रिपोर्टर, लोकसभा भारत सरकार, केशव वर्मा पुत्र अशोक वर्मा स्टेनों राजस्थान हाई कोर्ट, जयपुर, निखिल यादव, अमित कुमार चौहान पुत्र बद्री प्रसाद चौहान, स्टेनो राजस्थान हाई कोट, अनीता यादवपुत्री अमीचंद यादव स्टेनों राजस्थान हाई कोर्ट, संजय वर्मा पुत्र रामनिवास प्रजापति स्टेनो राजस्थान हाई कोर्ट, योगिता शर्मा पुत्री अनिल कुमार शर्मा एल डी सी राजस्थान हाई कोर्ट जयपुर,दीपांशु खंडेलवाल - पीए, जिला कलेक्टर सहीत बड़ी संख्या में प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मंच संचालन दिनेश गौड ने किया।

खोया पाया

मेरे भूखण्ड नम्बर-B-147, हीरालाल शास्त्री नगर योजना, वाटिका जोन-14 का ओरिजनल अलाटमेंट लेटर, दिनांक- 03.01.2025 को हिण्डोन सिटी से जयपुर JDA ऑफिस के बीच खो गया, मिलने पर सूचित करें । जीतेन्द्र कुमार शर्मा- 8058903197

राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर
क्रमांकः3904 जाहिर आम-सूचना दिनांकः09.06.2025

राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर, सांगानेर योजना में आवास संख्या 263/152 (EWS), (एरिया 47.625 वर्गमीटर) प्रताप नगर, सांगानेर का आवंटन श्रीमती तारा देवी पत्नी श्री रामोदर प्रसाद को किया जाकर आवंटन पत्र क्रमांक 4291 दिनांक 29.11.2004 को जारी किया गया। श्री दिनेश मित्तल पुत्र श्री प्रेम चन्द मित्तल के पक्ष में उक्त आवास का नियमितिकरण पत्र क्रमांक 1562 / 183 दिनांक 07.04.2010 के द्वारा किया गया। श्री दिनेश मित्तल के पक्ष में उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्र दिनांक 28.06.2010 को उप पंजीयक - जयपुर- अष्टम के यहां पंजीकृत करवाये गये । श्री दिनेश मित्तल द्वारा उक्त आवास को दिनांक 16.09.2010 के द्वारा श्रीमती सरोज वाला पत्नी श्री विजय पाल को विक्रय कर उप पंजीयक जयपुर- अष्टम के यहां विक्रय पत्र का पंजीकृत करवाया गया। श्रीमती सरोज वाला द्वारा उक्त आवास को दिनांक 21.12.2011 के द्वारा श्री सुशील कुमार जैन पुत्र श्री पांचूलाल जैन को विक्रय कर उप पंजीयक सांगानेर - प्रथम, जयपुर के यहां विक्रय पत्र का पंजीकृत करवाया गया। श्री सुशील कुमार जैन द्वारा उक्त आवास को दिनांक 09.01.2012 के द्वारा श्री वीरेन्द्र सिंह पुत्र श्री लक्ष्मण सिंह को विक्रय कर उप पंजीयक चतुर्थ जयपुर के यहां विक्रय पत्र का पंजीकृत करवाया गया। क्रेता / क्रेती श्री वीरेन्द्र सिंह पुत्र श्री लक्ष्मण सिंह द्वारा आवासन मण्डल में उक्त आवास में अपना नाम मण्डल रिकार्ड में दर्ज कराने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति / पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नही हैं, श्री वीरेन्द्र सिंह पुत्र श्री लक्ष्मण सिंह का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा।

सम्पदा प्रबन्धक वृत्त-प्रथम, राज. आवा. मण्डल, जयपुर

कार्यालय नगर परिषद लालसोट (दौसा)
Email ID:-lalsot.jaipur@yahoo.com Ph-01431-260714
क्रमांकः न.प.ला./2025/1311 दिनांकः10/6/25

सार्वजनिक सूचना सर्व साधरण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती मुन्नी देवी पत्नी सतपाल मीना निवासी जयपुर, श्री मूलचन्द मीना कल्याण संस्थान जरीये सचिव सतपाल पुत्र बृजमोहन मीना निवासी महारिया तहसील लालसोट के द्वारा ग्राम लालसोट खसरा नम्बर 1642, 1643, 1644, 1646 में 5 बीघा 16 बिस्वा भूमि की आवासीय से संस्थानिक भू उपयोग परिवर्तन हेतु आवेदन किया है। किसी भी आमखास को कोई उज्र/आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि में आपत्ति / ऐतराज प्राप्त नहीं होने पर नगर परिषद द्वारा भू उपयोग परिवर्तन की कार्यवाही सम्पादित की जावेगी। सूचित रहें।

(नवरतन शर्मा) आयुक्त नगर परिषद लालसोट

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को

मुकदमा नम्बर DEV/JAIPUR-I/TRUST/2025/408 चूंकि प्रार्थी श्री ANIL KACHHAWA, FLAT NO. 114, ELEGANT PARAM, GANDHI PATH WEST, LALARPURA, JAIPUR (302021) ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत प्रन्यास आल इंडिया जीनगर चैरिटेबल एंड डेवलपमेंट ट्रस्ट, 13/4, MALVIYA NAGAR, JAIPUR (302015) के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।

अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे।

और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 13-06-2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 20/08/2025

मोहर अदालत
सहायक आयुक्त
देवस्थान विभाग, जयपुर-प्रथम

जांच शिविर आयोजित

कोटपूतली । कस्बे के राजमार्ग की सर्विस लेन स्थित रावत एच.पी.गैस एजेंसी के पास रविवार को श्री कृष्णम फिजियोथैरेपिस्ट सैंटर द्वारा प्रातः 09 से दोपहर 01 बजे तक विशाल निःशुल्क चिकित्सा एवं स्वास्थ्य जॉच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन विधायक प्रतिनिधि श्रीमती राधा देवी पटेल ने फिता काटकर किया। शिविर को सम्बोधित करते हुये श्रीमती पटेल ने कहा कि चिकित्सक ईश्वर का रूप होते है, जन सेवा करना उनका परम धर्म है। उन्होंने कहा कि निःस्वार्थ भाव से की गई जन सेवा सबसे बड़ा धर्म होता है।

■ निःस्वार्थ भाव से की गई जन सेवा सबसे बड़ा धर्म होता है

मैं आशा करती हूँ की आप आगे भी ऐसे ही निःस्वार्थ भाव से जन सेवा करते रहेंगे। उन्होंने सभी चिकित्सकों व उनकी टीम को धन्यवाद दिया। शिविर में बी.पी., शुगर, आंख, नाक, कान, हड्डी आदि की निःशुल्क जॉच कर दवाईयां दी गई। इस मौके पर मुख्य अतिथि श्रीमती राधा देवी पटेल का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. पुष्कर राज गुर्जर, न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. पुरूषोत्तम पोषवाल, फिजियोथैरेपिस्ट डॉ. संतोष पटेल, आर्थोपेडिक्स डॉ. संजय रावत, शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. विकास गुर्जर, नाक ,कान गाल रोग विशेषज्ञ डॉ. शुभम गौड़, चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ. महेश कुमार समेत अन्य चिकित्सकों ने अपनी सेवायें दी।

शिविर में लगभग 548 मरीजों ने स्वास्थ्य लाभ लिया। इस दौरान नर्सिंग ऑफिसर सुरेश कुमार गुर्जर, सुन्दर कसाना, सुनील सैनी, सचिन, नरेश गुर्जर, रामसिंह गुर्जर, राकेश सैनी आदि मौजूद रहे।

भरतपुर में जल संसाधन मंत्री सुरेश रावत ने कार्यकर्ताओं की समस्याएं सुनी

भरतपुर (निस)। राजस्थान सरकार के जल संसाधन कैबिनेट मंत्री सुरेश रावत ने रविवार को भारतीय जनता पार्टी' कार्यालय भरतपुर पर आमजनता एवं कार्यकर्ताओं की समस्याओं की सुनवाई की तथा संबंधित विभाग को तुरंत निष्तारण के आदेश प्रदान किए।

कार्यालय आगमन पर भाजपा जिला अध्यक्ष